


6334



## विक्रय पत्र हेतु वांछित निवरण

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मालियत विक्रय पत्र | – | 2,20,000/–रूपये |
| 2. | बाजारी मूल्य | – | 2,20,000/–रूपये |
| 3. | कुल स्टाम्प जो दिया गया | – | 22,000/–रूपये |
| 4. | सर्किल रेट | – | विक्रीत सम्पत्ति दुकान है, सर्किल रेट लिस्ट के अंतर्गत पृष्ठ सं0 8 क्रम सं0 2 के अनुसार। |
| 5. | क्षेत्र | – | डी0एल0 रोड़ |
| 6. | स्थान | – | डी0एल0 रोड़ |
| 7. | संपत्ति का प्रकार | – | व्यवसायिक |
| 8. | प्रमुख मार्ग से दूरी | – | विक्रीत की जा रही संपत्ति मुख्य डी0एल0 रोड़ पर स्थित है। |
| 9. | नगर निगम | – | क्षेत्र के अन्दर है। |
| 10. | विक्रेता का नाम | – | **श्री दौलत राम सेठी पुत्र स्व0 नन्दलाल सेठी निवासी– 14/2, कैनाल रोड़, किशनपुर, देहरादून द्वारा अपने मुख्तारेआम, श्री. राकेश बंसल पुत्र स्व0 जयनारायण बंसल निवासी– 12 डी0ए0वी0 कालेज रोड़, देहरादून** |
| 11. | क्रेता का नाम | – | **श्री लक्ष्मण प्रसाद बमराड़ा पुत्र श्री चक्रधर प्रसाद बमराड़ा निवासी– 101 आर्य नगर, ब्लाक–2, देहरादून** |
| 12. | कुल स्टाम्प पृष्ठ | – | 05 |
| 13. | रचियता | – | श्री ए0के0सिंघल, एडवोकेट, देहरादून। |

Scanned with CamScanner

भारतीय गैर न्यायिक

10000 रु. Rs.10000

दस हज़ार रुपये RUPEES TEN THOUSAND

सत्यमेव जयते

भारत INDIA

INDIA NON JUDICIAL

06AA 734144

2 SEP 2004

कोषागार, देहरादून।



## विक्रय पत्र

हम कि श्री दौलत राम सेठी पुत्र स्व0 नन्दलाल सेठी निवासी– 14/2 कैनाल रोड़, किशनपुर, देहरादून द्वारा अपने मुख्तारेआम श्री राकेश बंसल पुत्र स्व0 जयनारायण बंसल निवासी– 12 डी0ए0वी0 कालेज रोड़, देहरादून

.................विक्रेता

एवं

श्री लक्ष्मण प्रसाद बमराड़ा पुत्र श्री चक्रधर प्रसाद बमराड़ा निवासी– 101 आर्य नगर, ब्लाक–2, देहरादून

...................क्रेता

विदित हो कि संपत्ति सं0 3 अम्बेडकर मार्ग, डी0एल0 रोड़ की स्वामिनी विक्रेता की माताजी श्रीमती बिल्लो देवी थीं, विक्रेता की माता जी का देहान्त हो चुका है, देहान्त के पश्चात विक्रेता श्रीमती बिल्लो देवी का एकमात्र वारिस है, और बतौर विरासत विक्रेता का नाम नगर निगम के रिकार्ड में अंकित हो चुका है, इस प्रकार विक्रेता उनकी संपत्ति का एकमात्र वारिस हुआ, और इस प्रकार मुझ विक्रेता को निम्न वर्णित संपत्ति को किसी अन्य को बेचने, हस्तांतरण आदि करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त है, तथा निम्न वर्णित भूमि में कोई अन्य साझीदार व भागीदार नहीं है, तथा निम्न वर्णित संपत्ति हर प्रकार से पाक व साफ है, तथा कहीं भी रहन या बंधक नहीं है, तथा निम्न वर्णित संपत्ति का प्रयोग व्यवसायिक रूप में हो रहा है, अतएव् मुझ विक्रेता ने अपने स्थिर मन,

Scanned with CamScanner

INDIA NON JUDICIAL

५000रु. Rs 5000

सत्यमेव जयते

भारत

पाँच हज़ार रूपये FIVE THOUSAND RUPEES

वरिष्ठ कोषाधिकारी
-2 SEP 2004
कोषागार, देहरादून।

05100

.3.

बुद्वि व इन्द्रियों की स्वस्थ दशा में बिना किसी के सिखलाये व बिना किसी दबाव के वरन अपनी स्वतंत्र इच्छा से निम्न वर्णित दुकान बदस्त **मु0 2,20,000/–रूपये (दो लाख बीस हजार रूपये)** के एवज में विक्रय कर दी है और मुझ विक्रेता ने कुल विक्रय मूल्य क्रेता से निम्न प्रकार से प्राप्त कर लिया है :–

(अ) मु0 65,000/–रूपये द्वारा बैंक चेक सं0 892942 दिनांक 13.09.04 पंजाब एण्ड सिंध बैंक शाखा होटल मधुबन, देहरादून

(ब) मु0 1,55,000/–रूपये द्वारा बैंक चेक सं0 099053 दिनांक 13.09.04 पंजाब नेशनल बैंक शाखा करनपुर, देहरादून

इस प्रकार कुल विक्रय मूल्य मु0 2,20,000/–रूपये प्राप्त कर लिये हैं, जिसकी प्राप्ति मैं विक्रेता एतद्द्वारा स्वीकार करता हूँ, तथा अब कीमत के मध्य कुछ भी लेना शेष नहीं रहा है।

विदित हो कि मुझ विक्रेता ने निम्न वर्णित संपत्ति को विक्रय करने हेतु एक मुख्तारनामा दिनांक 06.12.2001 को श्री राकेश बंसल के हक में किया हुआ है, जो कार्यालय सब रज़िस्ट्रार द्वितीय, देहरादून में विधिवत रूप से पंजीकृत है, जिसका बही नं0 4, जिल्द नं0 1 के पृष्ठ सं0 192, ए0डी0फा0बुक सं0 4 जिल्द नं0 117 के पृष्ठ सं0 667 से 672, में दस्तावेज नं0 1733 दिनांक 06.12.2001 है। मुख्तारेआम दाता जीवित है एवं मुख्तारेआम आज भी प्रभावी है।

Scanned with CamScanner

5000Rs.

INDIA NON JUDICIAL

५०००रु. Rs 5000

सत्यमेव जयते

भारत

पाँच हज़ार रूपये FIVE THOUSAND RUPEES

05101

वरिष्ठ कोषाधिकारी
- 2 SEP 2004
कोषागार, देहरादून।



वास्तविक कब्जा निर्विवाद मुझ विक्रेता ने विक्रीत दुकान से हटाकर व उठाकर क्रेता का मौके पर अपने तुल्य करा दिया है। जो–जो अधिकार विक्रीत दुकान की बाबत आज तक मुझ विक्रेता को प्राप्त हैं अथवा भविष्य में प्राप्त होने संभव हों, उन सबके मालिक आज से क्रेता हो गये हैं, निम्न वर्णित दुकान में छत के उपर का अधिकार क्रेता का नहीं रहेगा।

क्रेता को अधिकार होगा कि वह विक्रीत दुकान से जिस प्रकार चाहे लाभ उठावें, अपने उपयोग–उपभोग में लायें व अन्य किसी व्यक्ति को विक्रय करें या अन्य किसी प्रकार से हस्तान्तरित करें इसमें मुझ विक्रेता को व मेरे किसी उत्तराधिकारी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी।

यदि भविष्य में मुझ विक्रेता के स्वामित्व, अधिकार, दोष के कारण विक्रीत दुकान क्रेता के कब्जे व स्वामित्व से निकल जाये तो ऐसी दशा में क्रेता को अधिकार होगा कि वह दुकान की कीमत मय हर्जा–खर्चा सहित मुझ विक्रेता से जिस प्रकार चाहे प्राप्त कर ले, इसमें मुझे व मेरे किसी उत्तराधिकारी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं होगी, तथा विक्रीत दुकान में जो–जो दीवारें संयुक्त हैं वो हमेशा के लिए संयुक्त रहेंगी।

Scanned with CamScanner

INDIA NON JUDICIAL

१०००रु. Rs 1000

सत्यमेव जयते

भारत

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

Issued Treasury
9 SEP 2004
A.T.O. (Cash) Treasury, D.Dun.

16420

.5.

आज तक के विक्रीत दुकान की बाबत समस्त प्रकार के टैक्स आदि अदा करने की जिम्मेदारी मुझ विक्रेता की होगी व आज के बाद की समस्त प्रकार की जिम्मेदारी क्रेता की होगी। यदि भविष्य में मुझ विक्रेता को क्रेता के स्वामित्व, अधिकार की पुष्टि हेतु अन्य कोई लेख या बयान देने की आवश्यकता होगी तो ऐसी दशा में विक्रेता समस्त कार्यवाही क्रेता के व्यय पर करने के लिए सदैव तैयार रहेगा।

विक्रीत दुकान की बाबत क्रेता को अधिकार होगा कि वह नगर निगम के रिकार्ड में विक्रीत संपत्ति पर से मुझ विक्रेता का नाम खारिज कराकर अपना नाम बतौर मालिक, स्वामी दर्ज करवा ले।

विक्रीत संपत्ति की तयशुदा कीमत **मु0 2,20,000 / –रूपये (दो लाख बीस हजार रूपये)** है, जिसमें 9.76 वर्गमीटर भूमि का मूल्यांकन 3,000 / –रूपये प्रति वर्गमीटर के हिसाब से मु0 29,280 / –रूपये होता है, तथा संपूर्ण निर्मित भाग का मूल्यांकन 9.76 x 65 x 300 = मु0 1,90,320 / –होता है, इस प्रकार दुकान का कुल मूल्य मु0 2,19,600 / –रूपये होता है, जिस पर नियमानुसार मु0 22,000 / –रूपये का स्टाम्प शुल्क अदा किया जा रहा है।

विक्रय पत्र में में जहाँ–जहाँ शब्द विक्रेता एवं क्रेता प्रयुक्त हुए हैं, वहाँ–वहाँ सन्दर्भानुसार दोनों के उत्तराधिकारी हित–प्रतिनिधि सादर करेंगें।

Scanned with CamScanner

INDIA NON JUDICIAL

२०००रु. सत्यमेव जयते भारत Rs 1000

एक हज़ार रुपये ONE THOUSAND RUPEES

16423

.6.

## वांछित विवरण

1. विक्रीत दुकान नगर निगम सीमा के अन्दर स्थित है।
2. विक्रीत दुकान की बाबत पक्षकारों में मध्य पूर्व में कोई पंजीकृत इकरारनामा नहीं हो रखा है।
3. विक्रेता अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति से नहीं है।
4. यह कि निम्न वर्णित दुकान मुख्य सड़क डी0एल0 रोड़ पर स्थित है।
5. पक्षकारों की फोटो रचियता द्वारा सत्यापित है।

## विवरण संपत्ति

एक कित्तां दुकान 7 X 15 भूतल पर स्थित बिना छत के उपर के अधिकार के नगर निगम नं0 3 का भाग जिसका कुल निर्मित क्षेत्रफल 9.76 वर्गमीटर स्थित डी0एल0 रोड़ (अम्बेडकर मार्ग) जिला देहरादून, जिसकी नाप व सीमाएँ संलग्न नक्शे के अनुसार निम्न प्रकार से हैं :–

Scanned with CamScanner

**पूरब में** : संपत्ति श्री जमील अहमद, सीमा में नाप 7 फुट

**पश्चिम में** : डी0एल0 रोड़, सीमा में नाप 7 फुट

**उत्तर में** : मै0 कपिल मेडिकोज, सीमा में नाप 15 फुट

**दक्षिण में** : भूमि सोला देवी, सीमा में नाप 15 फुट

अतः यह विक्रयपत्र लिख दिया ताकि सनद रहे और समय पर काम आवे। इतिलिखित दिनांक 13.09.2004 को स्थान देहरादून ।

**ह0** ..............................**क्रेता** **ह0** ..............................**विक्रेता**
**द्वारा मुख्तारेआम**

**साक्षीगण :**
**1–** CHAKRADHAR PD BAMRARA S/O Sh Ghana Nand 101 Block II, Arya Nagar D. Dun

JAYVEER SINGH S/O Sh. Ramdayal SINGH 66 Karanpur D.dun

रचियता एवं फोटो सत्यापितकर्ता – श्री ए.के.सिंघल, एड़वोकेट, देहरादून द्वारा स्वयं के चैम्बर में टाईप किया गया।

Scanned with CamScanner